## संक्षिप्त

### सोनोग्राफी सेन्टरों का निरीक्षण

**करौली**।पीसीपीएनडीटी अधिनियम की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सपोटरा मुख्यालय पर शिवम हॉस्पिटल स्थित सोनोठााफी सेंटर और उप जिला अस्पताल सपोटरा स्थित सोनोठााफी सेंटर का निरीक्षण डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ. ओपी महावर और डीपीसी – पीसीपीएनडीटी नगीना शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने सोनोग्राफी पंजिका व एफ फॉर्म की जांच की। जिसमें एसडीएच सपोटरा में रिकार्ड संधारण के कमियां पाई गई,जिसके सुधार हेतू आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए और पीसीपीएनडीटी अधिनियम की सख्ती से पालना के लिए पाबन्द किया । सीएमएचओ जयंतीलाल मीणा ने बताया कि भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने के कार्य में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मुखबिर योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत भ्रूण लिंग परीक्षण की सत्य सूचना पर तीन लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। क्षेत्र में भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना टोल फ्री नंबर 104 व 108 एवं व्हाट्सएप नंबर 9799997795 पर दी जा सकती है, सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

### दवा वितरण केन्द्रों पर फार्मासिस्ट नहीं

**करौली**। राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ एकीकृत जिला शाखा करौली के तत्वाधान में सेवारत फार्मासिस्ट की विभिन्न मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष मुनेश मीना के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर और जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना को मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री राजस्थान सरकार के नाम का ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि राजस्थान में सुकरात दवा वितरण केंद्रो की संख्या 8500 है लेकिन उनमें से 4000 दवा वितरण केंद्र बिना फार्मासिस्ट के चल रहे हैं । उन्होंने ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा दवा वितरण केंद्र तो सुकरात कर रखे हैं लेकिन बढ़ते रोगी भार के अनुपात में खास तौर से शहरी क्षेत्र में फार्मासिस्ट के स्वीकृत पदों में आवश्यकता अनुसार बढ़ोतरी नहीं की गई है उन्होंने बताया कि सरकार से आगामी बजट में फार्मासिस्ट के पीएचसी और सीएचसी उप जिला चिकित्सालय और जिला अस्पतालों में कल 10032 पदों की मांग है अंत में इन्होंने आगामी बजट में फार्मासिस्ट के नए पद सर्जन करने और विलोपित पड़ा को बहाल करने की मांग की इस मौके पर फार्मासिस्ट जगदीश बागोरिया रामपाल मीणा कपिल देव पवन शर्मा बाल गोविंद मुस्ताक अहमद निरंजन आदि मौजूद थे।

### विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग

**गंगापुर सिटी**। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल नौगांव के विद्यार्थियों को मोटर व्हीकल वर्कशॉप में ऑन जॉब ट्रेनिंग दी गई। इस प्रशिक्षण के दौरान मैकेनिकल इंजीनियर और सर्वेयर-इन्वेस्टीगेटर महेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को मोटर व्हीकल से जुड़े तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में दुर्घटना की स्थिति में इंश्योरेंस क्लेम लेने की प्रक्रिया, वाहन में हुए नुकसान का आकलन और क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। इसके अतिरिक्त, वाहन रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन फिटनेस, टैक्स तथा पॉल्यूशन सर्टिफिकेट से जुड़े नियमों को भी सरल भाषा में स्पष्ट किया गया। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान कई तकनीकी प्रश्न पूछे, जिनका इंजीनियर गुप्ता ने संतोषजनक समाधान किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें, अनावश्यक ध्वनि प्रदूषण से बचें और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य बताया गया। स्कूल प्रभारी राम अवतार गुर्जर ने विद्यार्थियों को यह ऑन जॉब ट्रेनिंग देने के लिए इंजीनियर महेश गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

### भव्य राम बरात सोमवार को

**गंगापुर सिटी**। श्री राम कथा सेवा समिति 2026 के तत्वाधान में आयोजित श्री राम कथा के तृतीय दिवस पर भगवान श्री राम के साथ उनके भ्राता भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न के जन्मोत्सव की दिव्य एवं भावपूर्ण कथा का वर्णन किया गया। चित्रकूट से पधारे पूज्य संत वैदेही सुरभि जी के श्रीमुख से राम जन्म की पावन कथा का श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। राम जन्म के प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल "जय श्री राम" के जयघोष से गूंज उठा ।

# अरावली पर्वतमाला के निर्णय को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

■ विरोध स्वरूप रैली के रूप में हम्मिर ब्रिज से होते हुए स्टेशन शर्मा होटल बजरिया सब्जी मंडी जामा मस्जिद पुरानी ट्रक यूनियन गुलाब बाग पहुंचकर रैली का विसर्जन हुआ

**सवाई माधोपुर**। शनिवार को सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय पर प्रदेश कांठोस कमेटी के निर्देशानुसार हमीर सर्कल सवाई माधोपुर से जिला कांठोस कमेटी की जिलाध्यक्ष एवं बामनवास विधायिका श्रीमती इंदिरा मीणा जी के नेतृत्व में कांठोस के पदाधिकारी एवं अठिाम संगठनों के जिला अध्यक्ष महिला संगठन अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सर्किल से अरावली पर्वतमाला को लेकर जो सुप्रीम कोर्ट का 100 मीटर के दायरे का जो डिसीजन आया है उसके विरोध स्वरूप रैली के रूप में हम्मिर ब्रिज से होते हुए स्टेशन शर्मा होटल बजरिया सब्जी मंडी जामा मस्जिद पुरानी ट्रक यूनियन गुलाब बाग पहुंचकर रेली का विसर्जन हुआ।

वहां पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा मीणा जी ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को आ ान किया कि अरावली पर्वतमाला हमारे देश और प्रदेश की शान है। इसे किसी भी कीमत पर नष्ट नहीं होने देंगे, ।ना किसी निश्चित कंपनी को हस्तांतरित होने देंगे। केंद्र की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में गलत मानसा से जो दस्तावेज पेश किए हैं उन दस्तावेजों की कमजोरी की वजह से सुप्रीम कोर्ट का जो डिसीजन हुआ है ।वह अरावली पर्वतमाला एवं उसके इधर-उधर बसे हुए जनता के हित में नहीं है। अरावली से जनता के हित जुड़े हुए हैं अगर अरावली का बैजां खनन हुआ तो रेगिस्तान का विस्तार आगे तक होगा।

रेगिस्तान के विस्तार को अरावली ही एक पर्वतमाला है जो रोकती है पश्चिम की जो हवाएं आती हैं वह पर्वत से ही टकरा करके उनका वेज कमजोर होता है। मानसून के समय में अरावली पर्वतमाला से बादलों के जो टकरा करके बारिश होती है वह बिना अरावली के यह क्षेत्र पहले ही शुष्क है और ज्यादा नुकसान होने वाला है। इसे जनमानस को भुगतना पड़ेगा। इसलिए कांठोस पार्टी इस डिसीजन के लिए सरकार से मांग करती है कि वह सुप्रीम कोर्ट में पुनः रिट पिटीशन दायर करें और अरावली को बचाने की ओर आगे बढ़े। कांठोस पार्टी इसका पूर्ण जोर तरीके से विरोध करती है जो रैली निकाली गई उसमें कांठोस के सचिव लईक अहमद, जिला प्रमुख सुदामा देवी, प्रधान देवपाल मीणा,,लुकमान अहमद, शिवचरण बैरवा,विमलचंद महावर, मुकेश ऐण्डा,कमलेश गुर्जर, ब्लाक अध्यक्ष अनिल वर्धमान, घासीलाल बैरवा, विमल कुमार मीणा, युगराज चौधरी घनश्याम झाड़ोली, गिर्राज प्रसाद कोड्याई,मोहन मंगल,पार्षद जरार अहमद ,अनिल वर्मा , राजेश पहाड़ियां , रवि, एंड. मानसिह मीणा, नियाज भाई, संजय गौतम, दीपक बेरवा अजय शर्मा ,कुलदीप जेन, पुष्पा सालोदिया, तारा बाई मीणा,,कमल , रामजीलाल बैरवा, कंवरिया, सुनिल शर्मा,विक्की सिसोदिया,गफूर खान,प्यारेलाल शर्मा, बसंती लाल सैनी,रामभजन, एडवोकेट बी पी सिंह,हरिश महेश्वरी,रमेश पंसारी,जिला परिषद सदस्य सीमा बैरवा,ऊषा झां, महेश चंदेल,रामु फलोदी, लक्ष्मीकांत मीणा, डां रामसहाय गुर्जर,अजय शर्मा, वंशीलाल,अशोक,सुनिल,राजेश पाली, सलमान रंगरेज,इंद्रजीत दुबे, चतरु मुई, डिग्गी प्रसाद मीना,प्रेमराज संरपच,धर्मसिंह,हरगोविंद,बत्तीलाल गुर्जर, अफजल, रामसहाय जी,कांजी मीना फोजी , राधेश्याम मीणा, राजेश ,वसीम सेलू,शाहरुख, रामजीलाल गुर्जर,सुनील, एंड प्रेमराज,पवन बडगोत्या आदि सेकंडों की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे सभी ने गुलाब बाग में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करें: धीरज नागर

**रूपवास** । कस्बे के स्टेशन रोड स्थित स्वतंत्रता सेनानी रामचरण गोयल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर शनिवार को 49वीं शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि इनकम टैक्स ऑफिसर धीरज नागर रहे, जबकि अध्यक्षता शिक्षाविद व खेलप्रेमी गोविंद सिंह परमार ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में गुड्डू पाराशर, पंचायत समिति सदस्य राकेश भातरा, समाजसेवी व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेश पाराशर, पूर्व जिला परिषद सदस्य व युवा नेता वीरविक्रम सिंह परमार, अधिवक्ता जयप्रकाश पाराशर, अधिवक्ता सुरेंद्र परमार, बंटी शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजन समिति के प्रेमप्रकाश पाराशर, सौनू उपाध्याय, अजीत अंधाना सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि धीरज नागर ने युवाओं को खेलों के प्रति अधिक जागरूक होने का आ ान करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सिखाते हैं।

## दिव्यांगजन राष्ट्र की अनमोल शक्ति, समावेशन से खुलेगा स्वावलंबन का मार्ग: डॉ. पुरोहित

■ सार्वजनिक स्थानों व कार्यालयों को रैंप और लिफ्ट युक्त बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए

**हिंडौन सिटी**। दिव्यांगजन राष्ट्र की अनमोल शक्ति हैं और जब हम उन्हें दया के बजाय समान अवसर और समावेशन देंगे, तभी उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त होगा। यह विचार सक्षम राष्ट्रीय संगठन के उपाध्यक्ष डॉ. मनुभाई पुरोहित ने व्यक्त किए। वे स्थानीय उत्कर्ष सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में संगठन के तत्वावधान में आयोजित दिव्यांग हितार्थ विशेष कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

डॉ. पुरोहित ने सुगम्य भारत अभियान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों व कार्यालयों को रैंप और लिफ्ट युक्त बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने दिव्यांग युवाओं के लिए कंप्यूटर व हस्तशिल्प जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण, ब्रेल लिपि व ऑडियो बुक्स की उपलब्धता और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को यूडीआईडी ( ) कार्ड व सरकारी पेंशन योजनाओं से जोड़ने को संगठन का मुख्य लक्ष्य बताया।

कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय सचिव राजेंद्र धाकड व प्रांतीय दृष्टिबाधित प्रकोष्ठ प्रमुख सुनील सिंघल ने कहा कि समाज को दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समावेशन ही वह एकमात्र मार्ग है जिससे दिव्यांगजन समाज में गरिमापूर्ण जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम में प्रांतीय अस्थि बाधित प्रकोष्ठ प्रमुख राकेश अठावाल व जिलाध्यक्ष गजानंद शर्मा ने सक्षम गीत के माध्यम से संगठन के सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी।

इस अवसर पर दिव्यांग सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए पवन गुप्ता, मुकेश सिंह और देवकीनंदन शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में राजकुमार गुप्ता, दिनेश गुप्ता, रविंद्र अठावाल, जितेश दत्तात्रेय, वेद प्रकाश शर्मा, वासुदेव शर्मा और दुष्यंत शर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अटल साहित्य सम्मान से कवि व्यग्र पाण्डे सम्मानित

■ कवि व्यग्र पाण्डे की कई रचनाओं का वाचन किया और उनके द्वारा लिखे साहित्य की भूरि भूरि प्रशंसा की

**गंगापुर सिटी**। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, शाखा गंगापुर सिटी द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई (कवि एवं कुशल राजनेता) के जन्मदिन के सुअवसर पर स्थानीय कवि-लेखक एवं शिक्षाविद् व्यग्र पाण्डे को उनकी उत्कृष्ट सृजनशीलता, हिन्दी भाषा के सेवा-कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए "अटल साहित्य सम्मान-2025" प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि कवि व्यग्र की चार पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी है साथ ही उनकी रचनाएं देश-विदेश की पत्र-पत्रिकाओं में लगातार छपती रहती हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कवि व्यग्र पाण्डे की कई रचनाओं का वाचन किया और उनके द्वारा लिखे साहित्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। ये सम्मान पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी पर गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित काव्य-गोष्ठी में माल्यार्पण, सम्प्रमान-पत्र, श्रीफल संग शाल उढ़ाकर किया गया। इस दौरान रचनाकारों ने भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं श्रेष्ठ कवि अटल बिहारी वाजपेई पर अपनी अपनी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को गुनगुनाने को मजबूर कर दिया। संचालन डा. विजेन्द्र गुर्जर ने किया। अंत में कवि व्यग्र पाण्डे ने अपने सम्मान पर समस्त साहित्य परिषद, शाखा गंगापुर सिटी व उपस्थित श्रोताओं का आभार जताया।

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद अन्नकूट महोत्सव

**सूरौठ** । कस्बे में रेल्वे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर स्थित राजकीय विद्यालय के पास शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मानसिंह मीना, विजय मीना महेन्द्र मीना एवं शिवा डीजे प्रतिष्ठान के सहयोग से हनुमान चालीसा भक्त मंडल के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कमेटी सदस्य संजय शुक्ला, मनोज लवानिया, संतोष पहाड़ियां, तनिश गोयल, विवेक फौजी, रवि गुप्ता एवं गणेश सिंघल की सक्रिय भूमिका रही।

सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में आयोजन स्थल पर एकत्रित होने लगे और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ में भाग लिया।हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत अन्नकूट महोत्सव की प्रसादी तैयार की गई। प्रसादी की तैयारियों में भक्तजन सुबह से ही जुट गए थे। आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि अन्नकूट प्रसादी तैयार कराने में मानसिंह मीना, गोवर्धन प्रजापत सहित अनेक लोगों का विशेष सहयोग रहा।

प्रसादी तैयार होने के बाद सर्वप्रथम पंचमुखी हनुमान जी एवं ठाकुर जी भगवान को विधिवत भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात दोपहर बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ जीमी कढ़ी एवं बाजरे की प्रसादी ठाहण की। आयोजन के दौरान भक्ति भाव का वातावरण बना रहा और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास देखने को मिला।आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी सहयोग, धार्मिक आस्था एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है।

## लायंस क्लब गरिमा ने कुशालगढ़ में हेल्प जोन खोला

■ एसडीएम ने किया उद्घाटन, 8 वर्षो में 1.20 लाख कपड़े वितरित

**गंगापुर सिटी**। लायंस क्लब गंगापुर सिटी गरिमा ने कुशालगढ़ श्याम मंदिर के समीप हेल्प जोन का शुभारंभ किया है। मुख्य अतिथी उप जिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीणा ने फीता काटकर इस सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ पंकज मंगलम ने मुख्य अतिथी का स्वागत किया। यह हेल्प जोन जरूरतमंदों को कपड़े वितरण के लिए स्थापित किया गया है। हेल्प जोन संयोजक मनीष सागवान ने बताया कि लायंस क्लब गरिमा पिछले 8 सालों से यह सेवा अभियान चला रहा है। शहरवासी यहां अपने अनुपयोगी कपड़े दान करते हैं, जिन्हें जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है। अब तक लगभग 1 लाख 20 हजार कपड़े वितरित किए जा चुके हैं।

क्लब की गतिविधियां केवल कपड़े वितरण तक सीमित नहीं हैं। क्लब प्रशासक पीएमजेएफ डॉ. आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि लायंस क्लब गरिमा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सक्रिय है। इसमें राजकीय बालिका स्कूल कल्याण जी गेट की छात्राओं की फीस और शिक्षण सामग्री में सहयोग शामिल है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्लब प्रत्येक शनिवार और रविवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित करता है। इन शिविरों में अब तक 13 हजार से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं। उद्घाटन समारोह में उप जिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीणा ने लायंस क्लब गरिमा की सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे संगठन समाज में मानवीय संवेदना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर रीको उपक्रमी संगठन के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, कोषाध्यक्ष कुंदन अग्रवाल, श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र दुसाद, लियो क्लब अध्यक्ष लियो यश अग्रवाल, समाजसेवी धर्मेन्द्र मित्तल, राजेंद्र बीआर, अंकित गोयल सहित कई मेहमान मौजूद थे। कार्यक्रम में लायंस क्लब गरिमा के सचिव वीरेंद्र आर्य, कोषाध्यक्ष सोमव्रत अग्रवाल, कृष्णकुमार गोयल, सौरभ बरडिया, मुकेश राजाराम मीना, सचिन बंसल, ओम अग्रवाल, आलोक मित्तल, हेल्प जोन संयोजक मनीष गोयल एसआर, विमल अग्रवाल, विजेन्द्र सिरोहिया और क्लब के अन्य सेवाभावी सदस्य भी मौजूद थे।

### सौंपा ज्ञापन

**भरतपुर** (निस)। अटलबंद क्षेत्र के व्यापारियों ने भरतपुर विधायक व पूर्व राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग को ज्ञापन देकर अटलबंद चौराहा बाबा डेयरी के पास जो कूडे का पोइन्ट बना हुआ है उसको हटवाने के लिए ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि सभी दुकानदार यहां व्यापार करते हैं लेकिन यहां कूडा पोइंट होने के कारण काफी गंदगी रहती है व आवारा पशु आपस में लडते हैं व गंदगी फैलाते हैं जिसके कारण कई बार चोटिल हो गये हैं तथा दुर्गन्ध आती रहती है जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

## राजपूत अधिकारी कर्मचारी संघ के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**करौली**। श्री राजपूत सभा करौली की इकाई श्री राजपूत अधिकारी कर्मचारी संघ के तत्वावधान में आज एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामय समारोह में श्री राजपूत सभा जयपुर के प्रांतीय अध्यक्ष श्री राम सिंह चंदलाई को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के सहसंयोजक नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर स्थित राम सिंह जी के आवास पर पहुंचकर उन्हें औपचारिक रूप से आमंत्रण पत्र सौंपा। इस अवसर पर उधो सिंह एडवोकेट, जयेंद्र सिंह एडवोकेट, चौरजी सिंह नत्थू सिंह राजावत, प्रभाकर सिंह, धर्मेंद्र सिंह मचानी, गब्बू सिंह चौहान, एडवोकेट रमेश सिंह पिचानोत, एडवोकेट नरेंद्र सिंह, अजय सिंह सोलंकी, उत्तम सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में एक अन्य दल ने श्री राजपूत सभा के तहसील अध्यक्ष चौरजी सिंह के नेतृत्व में उत्तम सिंह, नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह आदि के साथ जयपुर जाकर श्री राजपूत सभा के संरक्षक पूर्व महाराज श्री कृष्ण चंद्रपाल एवं करौली की पूर्व विधायक श्रीमती रोहिणी कुमारी को प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु आमंत्रण पत्र भेंट किया। श्री राजपूत अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा लिए गए एक महत्वपूर्ण निर्णय के अनुसार, हाल ही में संपन्न बार काउंसिल चुनाव में करौली से लगातार 10वीं बार विजयी एडवोकेट जयेंद्र सिंह तथा नादौती बार काउंसिल चुनाव में लगातार 11वीं बार विजय प्राप्त करने वाले एडवोकेट श्री रमेश सिंह पिचानोत का भी 28 दिसंबर को विशेष स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। श्री राजपूत सभा करौली के प्रवक्ता वेद प्रकाश सिंह 'लाला जी' ने बताया कि कार्यक्रम में गिर्राज सिंह मलिंगा पूर्व विधायक बाड़ी विशिष्ट अतिथि भी शिरकत करेंगे।

## आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत की न्यायिक बैठक 28 दिसंबर को

■ महापंचायत में विचाराधीन आंतरिक विवादों से संबंधित पक्ष विपक्ष आवश्यक रूप से उपस्थित रहे

**करौली** । आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत की नियमित न्यायिक बैठक 28 दिसंबर रविवार को प्रातः 11:00 बजे से मीणा समुदाय की सर्वोच्च हथाई शांतवीर नगर स्थित मीणा धर्मशाला श्री महावीर जी में होगी। आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत के प्रदेश प्रवक्ता रूपसिंह गोरेहार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से पंच पटेल उपस्थित रहेंगे और सभी पंच पटेल महापंचायत के समक्ष विचाराधीन मीणा समुदाय के आंतरिक विवादों से संबंधित मामलों पर सुनवाई कर विचार मंथन के द्वारा निर्णय करने की प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। महापंचायत के समक्ष प्रस्तुत विवादों और प्रकरणों से संबंधित पक्ष विपक्ष आवश्यक रूप से उपस्थित रहे और संबंधित पंच पटेल भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का श्रम करें ताकि बाद में विपरीत विरोधाभास प्रकट नहीं हो महापंचायत के अनुसार बैठक में अनुपस्थित रहने का कारण मान्य नहीं होगा और सर्व समिति से पंच पटेल द्वारा लिए जाने वाले सभी निर्णय संपू करौली जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष टोडा में कांठोसियों में अरावली बचाओ को लेकर मासलपुर चुंगी से लेकर कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल कर मार्च का प्रदर्शन किया।

कांठोस के वरिष्ठ भूपेंद्र भारद्वाज ने बताया कि राजस्थान कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शनिवार को दोपहर 1:00 बजे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर के नेतृत्व में अरावली बचाओ मार्च मासलपुर नाका चुंगी से कलेक्ट्रेट तक किया गया मार्च में कांठोस के भूपेंद्र भारद्वाज देवी साहब दत्तात्रेय भंवर मीणा भगवान सहाय छोटा भीम ब्लॉक अध्यक्ष रामचरण मीणा एजाज अहमद योगेंद्र मावई खेम सिंह गुर्जर मोहन सिंह पुराण मीना महेश राजेश सवाई राजावत दिनेश बड़ापुरा फूल सिंह रामहंश राम चरण उपसभापति सुनील सैनी खेम सिंह मीणा रामकेश मेरेडा हुकम सिंह दिसंबर दयाल शर्मा अमृतलाल अमृत लांगडा राजू गुर्जर मोहन सिंह तारा सिंह गुर्जर लोकेश खटाना महेंद्र सिंह रोटियां कुलदीप सैनी ललित शर्मा अखिलेश मुनस्यारी समय की फौजी हुकुम बाई मीणा ऋषिकेश मीणा सर्दो गुर्जर ब्रह्मा भाई बेरवा वेद प्रकाश शर्मा गौरव शर्मा मनोज जाटव रमेश गुर्जर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**भरतपुर** (निस)। दा संता किड्स स्कूल में वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रावराजा रघुराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, संता किड्स के फाउंडर एवं सीईओ पंकज आनंद तथा सीनियर अधिवक्ता श्रीनाथ शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक चंद्रेश भृगु एवं प्राचार्य ज्योति शर्मा तथा सह निदेशक नेहा शर्मा और समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। वार्षिक कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जैसे नृत्य, ऑपरेशन सिन्दूर एवं संस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया।

## सार-समाचार

### कार-बाइक भिड़ंत में दो युवक घायल

**गंगापुर सिट**। शुक्रवार देर शाम सवाई माधोपुर रोड पर मच्छीपुरा के पास देवनारायण होटल के समीप एक कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। घायलों की पहचान मनीष बैरवा (20), पुत्र बत्तीलाल बैरवा, निवासी ढूंढापूरा, जिला करौली, और मनीष जांगिड़ (30), पुत्र बसंतीलाल जांगिड़, निवासी वजीरपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मनीष जांगिड़ वजीरपुर बिजली विभाग में कार्यरत हैं और सवाई माधोपुर में प्रशिक्षण लेने गए थे। वापसी के दौरान मच्छीपुरा के पास उनकी बाइक कार से टकरा गई। हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचित किया। इसी बीच, अशोक शर्मा नामक एक व्यक्ति ने अपने निजी वाहन से दोनों घायलों को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उनका प्राथमिक इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### आज होंगे सेमीफाइनल मुकाबल

**गंगापुर सिटी** । वर्धमान हॉस्पिटल सद्भावना क्रिकेट लीग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले शनिवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान पर खेले गए। इन मुकाबलों में स्कूल शिक्षा परिवार और बैंकर्स इलेवन ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले क्वार्टर फाइनल में स्कूल शिक्षा परिवार का मुकाबला रॉयल एडवोकेट से हुआ। स्कूल शिक्षा परिवार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 6 विकेट पर 138 रन बनाए। नरेश गोदारा ने 45 गेंदों पर 72 रन और बबलू चौधरी ने 39 रन का योगदान दिया। जवाब में रॉयल एडवोकेट की टीम 15 ओवर में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और 13 रनों से मैच हार गई। रॉयल एडवोकेट की ओर से लोकेश मीणा ने 28, कप्तान हिमांशु शर्मा ने 24 और अरुण चौधरी ने 22 रन बनाए। इस जीत के साथ स्कूल शिक्षा परिवार ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। नरेश गोदारा को श्प्लेयर ऑफ द मैचश चुना गया। दूसरा क्वार्टर फाइनल डिस्कॉम क्रिकेट क्लब और बैंकर्स इलेवन के बीच खेला गया। बैंकर्स इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 177 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें गौरव राजावत ने 36 गेंदों पर 78 रन और विक्रम मीणा ने 32 गेंदों पर 66 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, डिस्कॉम क्रिकेट क्लब की टीम 15 ओवर में 9 विकेट खोकर केवल 110 रन ही बना सकी। बैंकर्स इलेवन ने यह मुकाबला 67 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विक्रम मीणा को श्मैन ऑफ द मैचश घोषित किया गया। प्रतियोगिता संयोजक गोविंद पाराशर ने बताया कि रविवार को पहला सेमीफाइनल दिशा क्रिकेट क्लब और बैंकर्स इलेवन के बीच खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल स्कूल शिक्षा परिवार और प्रशासन एकादशी के बीच होगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा परिवार के जिलाध्यक्ष डॉ. अनुज शर्मा, विष्णु गुप्ता, महेंद्र जैन, बिजली विभाग से सहायक अभियंता कुलदीप जोशी, पप्पन खान, डॉ. डीसी शर्मा, धनश्याम गुप्ता, अवधेश जैमिनी, नीटू सिंह धावाई, अजय सिंहा, अमित जैमिनी सहित कई पदाधिकारी और खिलाड़ियों के अलावा काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### गोविंद देव जी को पोशाक अर्पण

**करौली** । अग्रवाल समाज करौली द्वारा आज 28 दिसंबर 2025 को नववर्ष मिलन समारोह एवं पोष बडा सामूहिक भोज कार्यक्रम यहां के शिव पैलेस में आयोजित होगा जिस उपलक्ष में अठावाल समाज के द्वारा भगवान गोविंद देव जी की पोशाक बैंड बाजे के साथ धार्मिक भजनों की धुन पर अर्पण की अठावाल समाज के अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों ने अठावाल समाज की बंधुओ से कार्यक्रम में आवश्यक रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है

### विधायक को सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी**। स्मैक समेत अन्य नशों के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की मांग करते हुए तंजीम इत्तलाइ समाज कमेटी ने विधायक रामकेश मीणा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कमेटी ने बताया कि शहर के कई इलाकों में नशे का धंधा खुलेआम चल रहा है। ज्ञापन में तंजीम इत्तलाइ समाज कमेटी के अध्यक्ष हाजी जमील खां अब्बासी, जनरल सेक्रेटरी मो. नासिर खां, निसार अहमद, मोहम्मद साहिल अकबर, अनवर, अयूब खान, जावेद, अरहान, वाहिद सहित कई पदाधिकारियों और सदस्यों ने काजी कॉलोनी की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि हाल ही में स्मैक के सेवन से एक युवक की मौत हो गई थी। परिजनों द्वारा नामजद तस्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके अतिरिक्त, नशा मुक्त अभियान चलाने वाले युवाओं पर पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने पर भी सवाल उठाए गए हैं। कमेटी ने मांग की है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने तीनों थानों में अलग-अलग ब्लैक कमांडो फोर्स गठित कर मोटरसाइकिल गश्त बढ़ाने का सुझाव दिया, ताकि नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि नशे के आदी लोगों को पकडकर नशा मुक्ति केंद्र भेजा जाए। वहां छह माह तक उपचार के बाद उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। कमेटी ने प्रशासन से गंगापुर सिटी को नशा मुक्त बनाने के लिए समय रहते सख्त कदम उठाने की अपील की है।

### 60 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**गंगापुर सिटी**। समीपवर्ती गांव मोहचा का पुरा में ग्रामीण जन कल्याण विकास समिति द्वारा एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 834 मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श मिला, जबकि 60 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाज के लिए शिविर स्थल पर पहुंचने लगे थे। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और इलाज की सलाह दी। आयुर्वेदिक चिकित्सा अनुभाग में भी 120 मरीजों को परामर्श उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त, आंखों की निशुल्क जांच की गई और चयनित मरीजों के लिए मुफ्त ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है मरीजों को ब्लड प्रेशर और शुगर की निशुल्क जांच की सुविधा भी मिली, जिससे उन्हें अपनी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में समय पर जानकारी प्राप्त हो सकी। डॉ. विजय सिंह मीना, डॉ. ललिता मीना, डॉ. उमा मीना, डॉ. सविता मीना, डॉ. शिवदयाल मीना, डॉ. पृथ्वीराज मीना और डॉ. मोहित मीना ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। कंपाउंडर छुट्टन लाल और मदन मोहन ने भी सहयोग किया। चिकित्सकों ने मरीजों को रोगों से बचाव और नियमित जांच के महत्व के बारे में भी बताया। ग्रामीण जन कल्याण विकास समिति के सदस्यों ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने इस प्रकार के शिविरों को दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ बनाने के लिए समिति का आभार जताया।

### स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर का आयोजन

**गंगापुर सिटी**। अंतरराष्ट्रीय जिला महिला वैश्य महासम्मेलन द्वारा खंडेलवाल धर्मशाला में खेल उत्सव और स्वास्थ्य सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुशला खूंटेटा, छगनी बरडिया, उषा सेठी, सुमन सुराणा और सुनीता आर्य ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। जिला अध्यक्ष रीना पल्लीवाल ने खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि ये शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन भी विकसित करते हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा सत्र में सुधा गुप्ता ने महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने जोर दिया कि एक स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ परिवार और समाज के निर्माण की नींव है। कार्यक्रम संयोजक उर्मिला डास, चंचल गुप्ता, सरिता बजाज और कविता रावत ने विभिन्न रोचक खेलों का आयोजन कराया। इन प्रतियोगिताओं में वर्षा नाटाणी, डॉ. मंजू गुप्ता और सुमन सुराणा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सरिता गुप्ता, मनीषा, सुमन दुसाद और दीप्ति गुप्ता ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मौजूद महिलाओं ने नव वर्ष के लिए समाज सेवा, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और गोशाला सेवा से जुड़े संकल्प लिए। यह भी तय किया गया कि 14 जनवरी को गोशाला में जाकर गायों को चारा खिलाया जाएगा। कार्यक्रम में ममता अग्रवाल, हेमा गुप्ता, सीमा आर्य, बीना गुप्ता, आरती जैन, सीता डंगायच, दुलारी गर्ग, पूजा गुप्ता सहित बडी संख्या में वैश्य समाज की महिलाएं मौजूद रहीं।